Title: Requested the Government to start a dialogue between the Ministry of Finance and the O.E.C.F., Japan to reconsider and approve the Aravalli Afforestation Project of Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : मान्यवर अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि राजस्थान के अंदर 1992-93 में ओ.ई.एफ.सी.एफ. जापान के सहयोग से अरावली वृक्षारोपण परियोजना प्रारंभ की गई थी और इसके कारण 1 लाख 49 हजार हैक्टेयर वन क्षेत्र और सामुदायिक भूमि पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम कराया गया था।

इससे काफी जन-भागीदारी भी सुनिश्चित हुई थी। वहां के गरीब और ग्रामीण आदिवासियों को रोजगार भी प्राप्त हुआ था और वनों की सुरक्षा की भावना भी लोगों में पैदा हुई थी लेकिन जब पोखरण में विस्फोट किया तो उसके बाद दुर्भाग्य से जापान ने अपनी मदद रोक दी। मेरा कहना है कि इस परियोजना की कुल लागत 555.75 करोड़ रुपये थी लेकिन प्रतिबंध के कारण इस परियोजना की स्वीकृति ओ.ई.सी.एफ. जापान द्वारा नहीं दी गई है। इस परियोजना की समाप्ति के कारण राज्य में वृक्षारोपण के लक्ष्यों में बहुत कमी आ गयी है और अगर मंजूरी नहीं मिलती तो इससे राज्य को बहुत सी प्रशासनिक कठिनाइयां भी उत्पन्न हो जायेंगी। इसलिए आपके माध्यम से मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि वित्त मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, जापान सरकार और ओ.ई.सी.एफ. जापान से वार्ता करके इस परियोजना की स्वीकृति की कार्रवाई करायें क्योंकि यह परियोजना वन विनाश को रोकने में, अरावली पर्वत श्रृंखलाओं में जैव विविधता और पारिस्थितिकी को बनाये रखने में, गरीब और ग्रामीण आदिवासियों को रोजगार देकर स्थिति सुधारने में सहायक होगी।